epaper
हिन्दुस्तान

# प्रधानमंत्री मोदी ने नॉर्डिक देशों को भारत में निवेश का न्योता दिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को फ्रांस की राजधानी पेरिस पहुंचे। वहां राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

05/05/2022

**नई दिल्ली,विशेष संवाददाता।** विश्व में बदल रही परिस्थितियों के बीच दूसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन का आयोजन बेहद सफल रहा। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नॉर्डिक देशों को भारत में सॉवरेन वेल्थ फंड के निवेश के लिए आमंत्रित किया। देर रात प्रधानमंत्री पेरिस पहुंचे और राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों से मुलाकात की।

**गर्मजोशी**

इससे पहले नॉर्डिक देशों के साथ वार्ता में मोदी ने पांच देशों की सरकारों को सीधे भारत में निवेश का न्योता दिया है। यदि इस प्रस्ताव को ये देश स्वीकार करते हैं तो यह महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि यह इन देशों से आने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के अलावा बड़ा निवेश होगा। एफडीआई के तहत आमतौर पर निजी कंपनियां निवेश करती हैं जबकि देशों के आमंत्रण पर सरकारें अपने धन का निवेश करती हैं। नॉर्डिक देशों में डेनमार्क, स्वीडन, फिनलैंड, नार्वे व आइसलैंड शामिल हैं।

**दुनिया को बचाना होगा**